# खेत में फसल को पानी देने गए युवक का शव मिला

## सिर के पीछे चोट के निशान, हत्या की आशंका

**छपारा, देशबन्धु।** परिवार के साथ खाना खाकर खेतों में गेहूं की फसल में पानी देने घर से निकला युवक का शव खेत में संदिग्ध अवस्था में परिजनों को मिला।

मामला नगर से लगभग 20 से 25 किलोमीटर दूर छपारा विकास खंड के गांव भरगा का है। जहां बीती रात 10 बजे हर रोज की तरह अपने खेतों में गेहूं की फसल को पानी देने 24 वर्षीय युवक फहीम खान पिता नवी खान परिवार को बता कर निकला था।

रात के लगभग ग्यारह बजे मृतक युवक के दोस्त समीर ने फहीम खान के घर फोन करके जानकारी दी कि उसे किसी अनजान मोबाइल नंबर से कॉल आया है जिसमें वह कह रहे हैं कि फहीम से साथ कोई मारपीट कर रहे हैं जिसके बाद उतने ही समय फहीम के परिजनों ने गांव से लगभग आधा किलोमीटर दूर गांव से बडपानी ग्राम जाने वाले मार्ग पर स्थित खेत पहुंच फहीम खान को ढूंढा जो खेत में मृत अवस्था में पड़ा हुआ था।

देर रात मृतक युवक के शव को लेकर परिजन छपारा नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। दूसरे दिन यानी कल सुबह लगभग नौ बजे एसडीओपी लखनादौन अपूर्व भलावी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्थित पोस्टमार्टम कक्ष पहुंचकर छपारा पुलिस को निर्देश दिए। ग्राम भरगा आदेगांव पुलिस लगभग 11 बजे नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पोस्टमार्टम कक्ष पहुंची जहां एफएसएल की टीम द्वारा शव का मुआयना किया गया है।

परिजनों ने बताया कि उसकी किसी के साथ कोई दुश्मनी नहीं थी इसके बाद भी यह हादसा हुआ वही मृतक के सिर के पीछे चोट साथ गले में भी निशान पाए गए जो स्पष्ट रूप से किसी के द्वारा हत्या होना दर्शाता हैं। उन्होंने पुलिस प्रशासन से निष्पक्ष रूप से जाँच कर न्याय की मांग की है। थाना छपारा एवं आदेगांव पुलिस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्थित पोस्टमार्टम कक्ष पहुंची। एफएसएल टीम की जांच एवं पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।


## समय सीमा में सेवाओं का निष्पादन न करने पर दो अधिकारियों पर लगाया जुर्माना

**सिवनी, देशबन्धु।** कलेक्टर एवं द्वितीय अपीलीय अधिकारी संस्कृति जैन ने लोक सेवा गारंटी अधिनियम 2010 अंतर्गत अधिसूचित सेवाओं का निष्पादन समय सीमा में न करने को लेकर दो अधिकारियों पर अर्थदण्ड आरोपित करने के आदेश जारी किए हैं।

जिसमें परिक्षेत्र अधिकारी पेंच टाईगर रिजर्व घाट कोहका भूपेश चौरसिया द्वारा वन विभाग अंतर्गत अधिसूचित सेवा वन्य प्राणियों से पशु हानि के राहत राशि के भुगतान के तीन आवेदनों का समय-सीमा में निराकरण न करने को लेकर 250 प्रति आवेदन प्रतिदिन अनुसार 6500 रूपये का अर्थदण्ड आरोपित करने के आदेश जारी किए हैं।

इसी तरह नायब तहसीलदार दीक्षा पटेल वृत्त धूमा तहसील लखनादौन द्वारा सामान्य प्रशासन विभाग अंतर्गत अधिसूचित सेवा कानून बाद्यता कारण आय प्रमाण पत्र प्रदान करने के चार आवेदनों को समय-सीमा में निराकृत न करने को लेकर कुल 5000 रूपये का अर्थदण्ड आरोपित करने के आदेश जारी किए है।

# झोलाछाप डॉक्टरों पर अंकुश नहीं



**गोटेगांव, देशबन्धु।** नगर में झोलाछाप डॉक्टरों का हौसला इतना बढ़ चुका है कि वे बिना किसी डर के मरीजों की जान के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। इन क्लीनिकों में बड़ी मात्रा में बिना लाइसेंस की दवाइयां रखी जा रही हैं, और मरीजों को खुद की ओर से दवाइयां दी जा रही हैं।

ग्रामीण और भोले-भाले मरीज इनकी चाल में फंसकर 1000 से 2000 रुपये तक की भारी रकम चुकाने को मजबूर हैं। आए दिन स्पीकर में अलाउंस होता है कि अमुक डॉक्टर अमुक बीमारी स्पेशलिस्ट आपके नगर में अमुक दिन पधार रहे हैं। बीमारी से ग्रसित मरीज संपर्क करें और भारी फीस के चलते मरीज क्लीन बोल्ड जो जाता है आखिर शासन की मंशा क्या है यह नगर में जन चर्चा का विषय बनता जा रहा है भारी भरकम फीस के आगे जनता नतमस्तक हो रही हैं । आखिर माजरा क्या है। शासन को इस ओर शीघ्र ही ध्यान देना चाहिए।

**मरीजों की जान से खिलवाड़** - इन झोलाछाप डॉक्टरों के पास किसी तरह की मेडिकल डिग्री या प्रमाणपत्र नहीं है, फिर भी ये खुलेआम अपना धंधा चला रहे हैं। गलत दवाइयों और इलाज की वजह से कई बार मरीजों की स्थिति गंभीर हो जाती है, लेकिन फिर भी इनके खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही।

**प्रशासन की चुप्पी** - अब तक प्रशासन की ओर से इन डॉक्टरों पर कोई कानूनी कार्रवाई नहीं हुई है। इसके चलते इनका नेटवर्क और मजबूत हो रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी का फायदा उठाकर ये झोलाछाप डॉक्टर लोगों की मजबूरी का शोषण कर रहे हैं।

**ग्रामीणों की मांगउ** -स्थानीय लोगों का कहना है कि स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन को तुरंत कार्रवाई करते हुए ऐसे झोलाछाप डॉक्टरों के क्लीनिकों को बंद करना चाहिए। साथ ही, इस तरह के गैर-कानूनी कार्यों में शामिल लोगों पर सख्त कानूनी कदम उठाने चाहिए।

**जिम्मेदार कौन?** - गोटेगांव में इस तरह के मामलों की बढ़ती संख्या ने स्वास्थ्य विभाग की कार्यक्षमता पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। क्या प्रशासन की लापरवाही के चलते भोले-भाले ग्रामीणों की जान दांव पर लगाई जा रही है?।

### सार-समाचार

## जैन समाज ने की आर्यिका संघ की भव्य आगवानी

**गोटेगांव, देशबन्धु ।** नरसिंहपुर में चातुर्मास उपरांत आज जैन आर्यिका माता जी का ससंघ गोटेगांव आगमन हुआ। जैन समाज ने आर्यिका संघ की मानेगांव तिराहा एवं टेलिफोन एक्सचेंज के पास पहुंचकर भव्य आगवानी की। संघ में 105 आर्यिका अनंत मति माताजी, आर्यिका शुक्ल मति माता जी, आर्यिका संवेग मति माता जी, आर्यिका शोधमति माताजी, आर्यिका सुशील मति माताजी, आर्यिका सुशुद्ध मति माताजी, आर्यिका उदामति माताजी, आर्यिका संतुष्ठ मति माताजी,शामिल हैं नगर सीमा से अपार जनसमूह के जयकारे,गाजे बाजे, के साथ जुलूस के रूप में माता जी का संघ श्री1008 पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर परिसर पहुंचा। यहां चातुर्मास के लिए विराजमान निर्यातक मुनि श्री 108सम्भव सागर जी महाराज एवं अन्य मुनिराज की वंदना कर नमोस्तु करते हुए सभी आर्यिका माता जी ने आशीर्वाद लिया। गोटेगांव में 01 दिसम्बर से पंचकल्याणक महोत्सव का भव्य आयोजन होना है,नगर में विराजमान मुनि संघ के साथ ही आर्यिका माता के आगमन से जैन समाज हर्षोल्लास के साथ धार्मिक गतिविधियों में बढ़चढ़ कर उपस्थिति देते हुए पुण्य लाभ अर्जित कर रही है। संघ में गृहस्थ अवस्था में गोटेगांव निवासी, नगर गौरव 105 आर्यिका संवेग मति माता भी शामिल हैं।

## पत्रकार संघ ने गजेंद्र सिंह का जन्मदिन मनाया




**छपारा, देशबन्धु।** 16 नवंबर को स्थानीय रेस्ट हाउस में पत्रकार संघ के सदस्य पत्रकार साथी गजेंद्र सिंह का जन्मदिन सभी पत्रकार मित्रों के द्वारा केक काटकर मनाया गया सभी मित्रों के द्वारा उज्जवल भविष्य की कामनाओं के साथ जन्मदिन की बधाई और शुभकामनाएं दी गई इस अवसर पर बिलाल अंसारी प्रदीप श्रीवास्तव रफीक खान चंद्रशेखर श्रीवात्री लक्ष्मण सिंह सुधीर नागले मोनू साहू मुकेश शुकलभक्त योगेंद्र सिंह गोल्डी निशांत सिंह ठाकुर आदि पत्रकार बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## शासकीय महाविद्यालय में चलाया गया स्वच्छता अभियान




**सौसर, देशबन्धु।** राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ, स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ, एवं खेल विभाग के संयुक्त तत्वाधान में शासकीय महाविद्यालय सौसर में स्वच्छता अभियान के अंतर्गत कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमे नगर पालिका परिषद सौसर एवं महाविद्यालयीन राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई सौसर के स्वयंसेवकों द्वारा महाविद्यालय परिसर में साफ सफाई की गई प्रकृति के दुश्मन तीन पन्नी, पाउच पॉलिथीन का नारा देते हुए की हम सब ने ठाना है सौसर को स्वच्छ बनाना है के उद्देश्य को साकार किया गया महाविद्यालय परिसर में साफ सफाई की गई कार्यक्रम में प्राचार्य डॉक्टर डी के इंदोरकर द्वारा कार्यक्रम को सफल बनाने की शुभकामनायें दी एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी इंद्रपाल राउत ने श्रमदान के महत्व को बताया कार्यक्रम में डॉक्टर बी आर सिंगोतिया डॉक्टर एन के गेड़ाम शिखा साहू एवं महाविद्यालय परिवार का योगदान रहा ।

## मठ स्कूल में विधिक साक्षरता शिविर

**सिवनी, देशबन्धु।** अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिवनी सतीश चंद्र राय के मार्गदर्शन में लक्ष्मण कुमार वर्मा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिवनी के निर्देशन में 21 नंवबर 2024 को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मठ मंदिर सिवनी में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में बलवीर सिंह धाकड़ जिला न्यायाधीश द्वारा उपस्थित विद्यार्थियों को नालसा अंतर्गत योजना एसिड हमले से पीड़ितों के लिए विधिक सेवाएं योजना, संविधान के मूल अधिकार एवं मूल कर्त्तव्यों के विषय पर जानकारी प्रदान की गई। साथ ही शिविर में उपस्थित अर्चना यादव न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सिवनी द्वारा बाल एवं श्रमिक अपराध एवं नशा उन्मूलन, पैरालीगल वालेंटियर्स के कार्य एवं लीगल एड क्लीनिक के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। साथ ही शिविर में न्यायोत्सव अंतर्गत आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

# स्कूलों में शैक्षणिक सुधार की कार्ययोजना बनाएं : कलेक्टर

## शिक्षा अधिकारी, समन्यक और संकुल प्राचार्यों के साथ बैठक

**सिवनी, देशबन्धु।** कलेक्टर संस्कृति जैन ने जिले के सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारी, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक तथा संकुल प्राचार्यों की बैठक लेकर स्कूलों के शैक्षणिक उन्नयन तथा अध्ययनरत बच्चों के बौद्धिक विकास की कार्ययोजना के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश दिए गए। कलेक्टर सुश्री जैन ने उपस्थित प्राचार्यों एवं विभागीय अधिकारी-कर्मचारियों को स्कूलों के निरीक्षण के अपने अनुभव को साझा करते हुए स्कूलों की व्यवस्थाओं में सुधार के लिए निर्देशित किया। जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित हुई बैठक में सीईओ जिला पंचायत नवजीवन विजय, जिला शिक्षा अधिकारी एस एस कुमरे, डीपीसी महेश बघेल सहित सभी बीआरसी एवं संकुल प्राचार्य उपस्थित थे।

कलेक्टर सुश्री जैन ने आगामी माह में प्रस्तावित नेस परीक्षा की तैयारियों की भी विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने नेस परीक्षा की तैयारियों के लिए आयोजित किए गए मॉक परीक्षाओं में कक्षावार बच्चों के प्रदर्शन की भी विस्तृत समीक्षा कर सभी प्राचार्यों को मॉक के रिजल्ट अनुरूप आवश्यक सुधार के लिए प्रयास करने के लिए निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि आगामी मॉक टेस्ट में अध्ययनरत बच्चों में से कम से कम 95 प्रतिशत शामिल हों यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि बीआरसी और संकुल प्राचार्य मॉक टेस्ट के रिजल्ट का विषयवार विश्लेषण करते हुए कमजोर विषयों में सुधार के लिए प्रयास सुनिश्चित करें। कलेक्टर जैन ने इसी तरह कि कार्ययोजना 10 वी एवं 12 वी के बोर्ड परीक्षा परिणामों में सुधार के लिए भी दिए हैं।

कलेक्टर सुश्री जैन ने शिक्षकों की छुट्टी की शिकायतों को लेकर भी सभी संकुल प्राचार्यों को निर्देशित किया है कि बिना तत्कालीन आपात स्थिति के किसी भी शिक्षक को उसी दिन छुट्टी स्वीकृत न की जाए। नियमानुसार पूर्व आवेदन प्रस्तुत करने तथा स्वीकृति होने के उपरांत ही शिक्षकों की छुट्टी मान्य की जाए।

बैठक में कलेक्टर सुश्री जैन ने अन्य प्रवेश परीक्षाओं, सायकिल एवं छात्रवृत्ति वितरण सहित अन्य विभागीय गतिविधियों की भी विस्तृत समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश अधिकारियों को दिए हैं।

## धान उपार्जन केंद्रों के संचालन के लिए आवेदन आमंत्रित

**सिवनी, देशबन्धु।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी सिवनी से प्राप्त जानकारी अनुसार समर्थन मूल्य पर खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में धान एवं मोटा अनाज उपार्जन का कार्य महिला स्व सहायता समूहों, ग्राम संगठन, संकुल स्तरीय संगठन (ष्टस्त्न) को प्रदाय किया जाना है। इस हेतु समस्त संस्थाओं से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जा रहे है।

ज्ञात हो कि शासन के निर्देशानुसार समर्थन मूल्य पर खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में धान एवं मोटा अनाज उपार्जन का कार्य हक्रस्क्के महिला स्व सहायता समूहो/ग्राम संगठन/संकुल स्तरीय संगठन (ष्टस्त्न) को प्रदाय किया जाना है। इस हेतु समस्त संस्थाओं से दिनांक 30.11.2024 तक आवेदन आमंत्रित किया जा रहे है। उपार्जन सबंधी विस्तृत दिशा निर्देश जिला पंचायत सूचना पटल/जनपद पंचायत के सूचना पटल पर देखे जा सकते है।

किसानों द्वारा विक्रय उपज का भुगतान सुनिश्चित करने हेतु महिला स्वसहायता समूहों/ग्राम संगठनों को 10 लाख की डीडी पोस्ट डेटेड चैक पीडीसी, बैंक गारंटी, साल्वेसी आदि के संबंध में जमा किये जाने वाले दस्तावेज की सम्पूर्ण जानकारी जिला पंचायत कार्यालय की एनआरएलएम शाखा से प्राप्त की जा सकेंगी। अधिक जानकारी के लिए जिला प्रबंधक संतकुमार डेहरिया मो.नं. 9109100805 एवं श्री जटार सिंह भलावी मो.नं. 9109100817 पर संपर्क कर सकते हैं।

# समता सैनिक दल का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आज से

**सौंसर, देशबन्धु।** भारतीय संविधान के शिल्पकार डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर द्वारा समता स्वतंत्रता बंधुता व न्याय स्थापित हो इस उद्देश्य से सामाजिक मजबूती व सुरक्षा हेतु सन 1927 में समता सैनिक दल की स्थापना की थी। इसी कड़ी में सौंसर नगर में समता सैनिक दल जिला शाखा सौंसर के तत्वावधान में समता सैनिक दल के तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन बौद्ध विहार सौंसर में 22,23,24 नवंबर को किया गया है।



समता सैनिक दल के जीओसी बाबाराव चारे, कैंप चीफ अशोक डोंगरे ने जानकारी देते हुए बताया की प्रशिक्षण शिविर में राष्ट्रीय कार्यकारिणी के मार्गदर्शक भदंत नागदीपांकर, अध्यक्ष डीएफ कोचे, महासचिव एमआर राउत, जीओसी प्रदीप डोंगरे, ट्रेनिंग चीफ संघप्रिय नाग,पृथ्वीराज मोटधरे द्वारा समता सैनिक दल पर मार्गदर्शन व प्रशिक्षण दिया जायेगा।

साथ ही शिविर में विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर साहित्यकार एसआर शेंडे, पीके गुर्वे, बीएमओ योगेश शुक्ला, थाना प्रभारी सौंसर एबी मर्सकोले, डॉ वाय एल ठवरे, डॉ श्वेता गजभिए,एड विनोद धनराज, इंडियन वेटरन ऑर्गेनाइजेशन के पदाधिकारी, राष्ट्रीय ओबीसी महासंघ की प्रदेश अध्यक्ष रत्नमाला पिसे, डॉ चंद्रशेखर गजभिए, डॉ विजयश्री बागडे द्वारा बौद्धिक मार्गदर्शन दिया जाएगा। शिविर में सैनिक व सैनिकों को कराते, लाठी काठी, पीटी परेड प्रशिक्षण, प्राथमिक उपचार, फायर फाइटिंग प्रशिक्षण, बौद्धिक मार्गदर्शन, हेल्थ चेकअप, खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां होगी। 24 नवंबर को बुद्ध विहार सौंसर से नगर भ्रमण हेतु निकलने वाले पथसंचलन में बौद्ध-आम्बेडकरी समाज बंधुओ, अनुयाइयों व आमजनों से शामिल होने निवेदन किया गया है।

# मोहरखेड़ के जंगल में जारी है लकड़ी का अवैध धंधा

**उमरानाला, देशबन्धु।** विकास खंड मोहखेड़ में अधिकांश हिस्सा जंगल से लगा हुआ है तीन तरफ से जंगल ही जंगल है, जाखावाड़ी से भैरोपानी, जमनिया, तारा, भंडारकुंड, सांवरी, राजेगांव जाम, उमरानाला,और बीसापुर से उभेगांव, पिंडरई, सारंगबिहरी, सिल्लेवानी पूरे क्षेत्र में अवैध लकड़ी का व्यापार जोर शोर से फल फूल रहा है।

ऐसा नहीं है कि इतने बड़े पैमाने पर हो रहे अवैध परिवहन की जानकारी संबंधित विभाग को नही है, अधिकारीयों की उदासीनता और कर्मचारियों की अनदेखी से रोज़ाना लाखो रुपए की कीमती लकड़ियां क्षेत्र, जिले एवं महाराष्ट्र की ओर जाती है, लेकिन उनके खिलाफ़ कोई कार्यवाही नहीं होने से लकड़ी तस्करों के हौंसले बुलंद हैं,और बेखौफ होकर दुपहिया, चौपहिया वाहन के अलावा बड़े ट्रकों से भी लकड़ी सप्लाई सावनेर,नागपुर भेजी जा रही है, लेकिन विभाग की चुप्पी के कारण लकड़ी तस्करों की चांदी हो रही है।

सबसे ज्यादा सागौन आधी रात में उमरानाला में सप्लाई किया जाता है जो लोकल दुकानदारों के गुप्त ठिकानों पर पहुंचाए जाते हैं, ऐसे ही बबूल,आंजन,बेहड़ा,नीम, आदि कीमती लकड़ियों की सप्लाई महाराष्ट्र में की जा रही है।

## खराब ट्रांसफार्मर को सुधारने के लिए दिया ज्ञापन

**छपारा, देशबन्धु।** जनपद पंचायत छपारा क्षेत्र में खराब हुए ट्रांसफार्मर को समय पर ठीक कर किसानों को पर्याप्त बिजली देने के लिए जनपद पंचायत छपारा के अध्यक्ष सदम सिंह बरकड़े ने मुख्य कनिष्ठ अभियंता को ज्ञापन सौंपा हैं।



पत्र में उन्होंने लिखा है कि सभी किसान इस समय विद्युत पर निर्भर है खरीफ की फसल अति वृष्टि से खराब हो गई अब किसान को रवि की फसल की उपज से साल भर जीवनयापन करना ऐसी स्थिति में ट्रांसफार्मर खराब हो जाने से किसान समय पर सिंचाई नहीं कर पा रहे है जिससे किसान काफी चिंतित हैं।

मध्य प्रदेश विद्युत मंडल मुख्य कनिष्ठ अभियंता से अपेक्षा है कि ग्रामीण क्षेत्रों में खराब हुए ट्रांसफार्मरों को समय पर ठीक कर किसानों को पर्याप्त बिजली दी जा सके।

## पुरुष नसबंदी पखवाड़ा आज से

**सिवनी, देशबन्धु।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जयपाल सिंह ठाकुर ने बताया कि सिवनी जिले में पुरूष भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए पुरूष नसबंदी पखवाड़ा का आयोजन 21 नवम्बर से चार दिसम्बर के मध्य किया जा रहा है। पखवाड़े की थीम 'आज ही शुरुआत करे, पति-पत्नि मिलकर परिवार नियोजन की बात करें' है।

जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जीपी भनारिया ने बताया कि यह पखवाड़ा दो चरणों में होगा जिसके प्रथम चरण में मोबिलाइजेशन व जागरूकता गतिविधियाँ 21 से 27 नवम्बर तक आयोजित की जायेगी। इसके तहत मैदानी कार्यकर्ताओं द्वारा अस्थाई गर्भनिरोधक के उपयोगकर्ताओं को चिन्हित करना एवं हितग्राहियों को जागरूक करने के लिए सबके सहयोग से परिवार नियोजन में पुरुषों की भागीदारी को बढ़ावा देना शामिल हैं।

पखवाड़े का दूसरा चरण 28 नम्वम्बर से 4 दिसम्बर तक आयोजित होगा। जिसमें कैंप लगाकर पुरुष नसबंदी की जायगी। इसी क्रम में 28 नवम्बर से 4 दिसम्बर तक प्रतिदिन जिला चिकित्सालय सिवनी एवं सिविल अस्पताल लखनादौन में एनएसवी ऑपरेशन किये जायेंगे।

# कबड्डी में चमके खिलाड़ी



**रामाकोना, देशबन्धु ।** सौसर नगर के प्राइवेट शाला संघ के तत्वावधान में खेलो इंडिया स्पोर्ट्स थीम पर आयोजित इंटर स्कूल टूर्नामेंट के अंतर्गत कबड्डी प्रतियोगिता सम्पन्न हुई।

गुरुवार को गुरुकुल विद्या निकेतन हाईस्कूल रामाकोना के मैदान में गुरुकुल विद्या निकेतन के संचालक सदाशिव खंडाईत एवं सौसर पब्लिक स्कूल के संचालक नरेश अकोटकर की प्रमुख उपस्थिति में फाइनल मैच खेले गए।

जिसमे अंडर 14 बालक-बालिका में गुरुकुल विद्या निकेतन हाईस्कूल तथा संकल्प विद्यामंदिर के मध्य खेला गया जिसमे गुरुकुल के बालक एवं बालिका ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए विजयी रही। तो वही अंडर- 17 बालक- बालिका का फाइनल मैच संकल्प विद्या मंदिर एवं गुरुकुल विद्या निकेतन स्कूल के मध्य खेला गया। जिसमे बालक में संकल्प विद्या मंदिर सौसर ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए विजयी रही तो वहीं बालिका में गुरुकुल विद्या निकेतन ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए विजयी रही।

इस अवसर पर संकल्प स्कूल के शिक्षक शिक्षिकाये, गुरुकुल विद्या निकेतन स्कूल के शिक्षक शिक्षिकायें उपस्थित थे। वही सेवानिवृत शिक्षक एवं कबड्डी के अनुभवी कोच रामराव कुमरे, सतीश मालवीय ने रेफरी की भूमिका निभाई तो वही पंकज डोंगरे, प्रमोद गौरखेड़े ने स्कोरकार्ड पर भूमिका निभाई।

## दैनिक राशिफल

**शुक्रवार 22 नवम्बर 2024 का पंचांग विक्रम संवत् 2081, शक संवत 1946 हिजरी 1445। मार्ग शीर्ष कृष्ण पक्ष की सप्तमी नक्षत्र-अश्लेषा।**

**मेष** – किसी नए काम की शुरुआत के लिए सुबह का समय अनुकूल रहेगा। आज सरकारी लाभ होने की संभावना है।

**वृषभ** – आज का दिन आप के लिए मध्यम फलदायी है। आज मित्रों तथा स्नेहीजनों के साथ हुई मुलाकात से मन खुश रहेगा।

**मिथुन** – आर्थिक दृष्टिकोण से आज का दिन लाभदायी है। आज मित्रों एवं परिजनों के सहयोग से आपके कठिन काम आसानी से हो पाएंगे।

`क- 136-259

**कर्क** – आज आय के मुकाबले खर्च अधिक रहेगा। आंखों में दर्द की समस्या आ सकती है। मानसिक चिंता बनी रहेगी। लोगों से सादगीपूर्ण व्यवहार करें।

**सिंह** – आज सुबह का समय बहुत अच्छी तरह से गुजरेगा। सामाजिक और व्यावसायिक क्षेत्र में आनंदप्रद और लाभप्रद समाचार मिलेंगे।

**कन्या** – आपका दिन अनुकूल रहेगा। परिजनों के साथ आपके संबंध अच्छे बने रहेंगे। दोस्तों और स्वजनों से उपहार मिल सकता है। नौकरीपेशा लोगों के काम से अधिकारी खुश रहेंगे।

**तुला** – आज सुबह आपका मन किसी बात को लेकर चिंता में रहेगा। शारीरिक रूप से शिथिलता और आलस्य बना रहेगा।

**वृश्चिक** – आध्यात्मिकता और ईश्वर की प्रार्थना से अनिष्ट से बच सकेंगे। शारीरिक और मानसिक रूप से आप अस्वस्थ रहेंगे।

**धनु** – आज आपका दिन मिश्रित फलदायी है। सुबह के समय आप आनंद और मनोरंजन में डूबे रहेंगे। पारिवारिक वातावरण आनंदप्रद रहेगा।

**मकर** – बातचीत करते समय क्रोध ना करें। परिवार में सुख-शांति और आनंदपूर्ण वातावरण बना रहेगा। मान सम्मान मिलने की भी संभावना है।

**कुंभ** – कला के प्रति आज आपकी रुचि ज्यादा रहेगी। खर्च ज्यादा रहने से आप परेशान हो सकते हैं। संतान से संबंधित कोई चिंता आपको हो सकती है।

**मीन** – आज अधिक इमोशनल होने से बचें। ज्यादा सोच-विचार करने से आप चिंता में रहेंगे। जमीन और मकान संबंधी काम के लिए आज समय अच्छा नहीं है।

म. 450-249

3175, 32,16,70,57,35,11,05,55